आकाशवाणी श्री विजयपुरम

25.05.2025 समय : 1850

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नया आत्मविश्वास और उत्साह भरा।

- उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, द्वीपसमूह के पांच दिवसीय दौरे पर हैं।

- प्रशासन आपके द्वार पहल के तहत सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा के नेतृत्व में कच्छाल में एक विशेष आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया।

- द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों में भारी वर्शा हो रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा मन की बात में कहा कि आपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने सेना की सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तहस–नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि आपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। इसने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे की भावना से सराबोर कर दिया।

श्री मोदी ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी के साथ अदम्य साहस दिखाते हुए आतंकी ठिकाने नष्ट किए। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी दोहराया। श्री मोदी ने इस विजय का श्रेय इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद देशभर में वोकल फॉर लोकल के प्रति नया उत्साह देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि माता–पिता ने अपने बच्चों के लिए केवल भारत में बने खिलौने ही खरीदने का संकल्प लिया है। कुछ परिवारों ने तो देश में ही छुट्टियां बिताने की प्रतिज्ञा की है। अनेक युवाओं ने भारत में ही विवाह करने का संकल्प लिया है और ऐसे अवसरों पर भारतीय शिल्पकारों के बनाए गए उपहारों का ही आदान–प्रदान किया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में कक्षा दस और बारहवीं की परीक्षा के परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं। छत्तीसगढ़ में दसवीं कक्षा के परिणाम में दंतेवाड़ा शीर्ष पर रहा और बारहवीं कक्षा के परिणाम में छठा स्थान हासिल किया। श्री मोदी ने कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है, जो हमारे लिए गर्व की बात है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को समाहित करने की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस के बारे में दुनियाभर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। इस संबंध में अलग–अलग संस्थान अपनी तैयारियां साझा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन वर्षों के दौरान लोगों ने योग चेन और योग रिंग बनाई। ऐसी बहुत सी तस्वीरें हैं जहां एक साथ चार पीढ़ी मिलकर योग कर रही हैं। अनेक लोगों ने अपने शहर के विशेष

स्थानों पर योगासन किए। श्री मोदी ने लोगों से इस बार भी योग दिवस को रोचक ढ़ंग से मनाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, श्री बी.एल. वर्मा, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पांच दिवसीय दौरे पर हैं, उन्होंने आज राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल और वीर सावरकर की एकान्त कोठरी का दौरा किया।

<><><><><><><>

प्रशासन आपके द्वार पहल के तहत सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा के नेतृत्व में कच्छाल में एक विशेष आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आई सी जी एस कामोर्टा और आई एन एस कारदीप के सक्रिय समन्वय से किया गया, जिसमें लगभग तीन सौ निवासियों वाले इस सुदूर गांव में परिवहन के लिए नावों सहित आवश्यक रसद सहायता प्रदान की गई। शिविर के दौरान राजस्व अधिकारियों ने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और स्थानीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भरने में निवासियों की सहायता की। सरकारी लाभों और सेवाओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से स्थानीय पहचान पत्र शुरू करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। साथ ही, एक व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य, दंत और होम्योपैथिक परामर्श के साथ–साथ रक्त शर्करा परीक्षण और दवा वितरण भी किया गया। आई एन एस कारदीप टीम के एक नौसेना डॉक्टर ने आउटरीच और सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयास में भाग लिया। स्वास्थ्य टीम ने आने में असमर्थ मरीजों से उनके घरों में जाकर मुलाकात की और विकलांगता के मामलों का आकलन किया। संदिग्ध टीबी रोगियों के लिए सीबी एन ए एटी नमूने एकत्र किए। सहायक आयुक्त, आदित्य संगोत्रा ने शिविर स्थल का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की। दौरे के दौरान, समुदाय द्वारा कई प्रमुख मांगें उठाई गईं। इनमें अपर कच्छाल को जेट्टी से जोड़ने के लिए सड़क का काम जल्द शुरू करना, स्कूल की इमारत की तत्काल मरम्मत करना, और शिक्षकों के लिए स्टाफ क्वार्टर का निर्माण शामिल है, जिससे लगातार शैक्षिक सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने के लिए सामुदायिक बिजली उत्पादन के लिए डीजल कोटा को मौजूदा 8 घंटे से बढ़ाकर 16 घंटे प्रतिदिन करने का भी अनुरोध किया। स्थानीय लोगों ने जेट्टी का निर्माण होने तक अस्थायी समाधान के रूप में फ्लोटिंग जेटी की स्थापना की मांग की। कैप्टन लुईस ने शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और अधिकारियों से कच्छाल जैसे दूरदराज के गांवों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया, जो मुख्य भूमि से कटे हुए हैं और अक्सर आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में देरी का सामना करते हैं। शिविर में अंतर–विभागीय समन्वय का एक सफल उदाहरण देखने को मिला।

<><><><><><><>

दुनिया भर में आज विश्व थायराइड दिवस मनाया जा रहा है। थायराइड बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने और शुरू में ही इसके निदान और प्रबंधन को प्रोत्साहन देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें थायराइड संबंधी किसी भी संदिग्ध स्थिति में चिकित्सा सहायता लेने की याद दिलाता है। थायराइड तितली के आकार की छोटी–सी ग्रंथि होती है। यह गर्दन में होती है और छोटे आकार की होने के बावजूद इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह ग्रंथि ऐसे हार्मोन्स उत्पन्न करती है, जो मेटाबोलिज्म, धड़कन, शरीर के तापमान, ऊर्जा स्तर, मासिक धर्म स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को प्रभावित करते हैं। थायराइड बीमारी के सामान्य लक्षणों में अचानक वजन बढ़ना

या घटना, गर्दन में सूजन या गांठ, ठंडे या गर्म के प्रति संवेदनशीलता, मनोभावों में अचानक बदलाव, चिंता, उदासी, अनियमित माहवारी, बाल पतले होना या झड़ना और निरंतर थकान शामिल हैं। अति सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली से थायराइड विकृति के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आयोडीनयुक्त नमक, डेयरी उत्पादों और सी–फूड का सेवन थायराइड हार्मोन स्राव के लिए आवश्यक है। नियमित स्वास्थ्य जांच, सैर, योग तथा तैराकी जैसी शारीरिक गतिविधियों से मेटाबोलिज्म बढ़ाने में सहायता मिलती है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों में भारी वर्षा हो रही है। श्री विजयपुरम में पैंतीस दशमलव छह, लौंग आइलैण्ड में पच्चीस दशमलव आठ, कार–निकोबार में तैतालिस नानकौड़ी में सोलह दशमलव एक, हटबे में तैंतीस दशमलव छह, वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में अड़तीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। कल द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की अनुसार हवा की गति प्रतिघण्टे 35–45 किमी की रफ़्तार से चलेगी। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>